चित्रकूट 26 अक्टूबर 2020 । श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बडी गुफा जानकीकुण्ड चित्रकूट में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में मानस मर्मज्ञो सुश्री रमाबेन हरियाणी द्वारा नौ दिन नवाहन परायण का पाठ एव श्री रामचरित मानस कथा का प्रवचन ऑनलाइन आयोजन किया गया। मानस मर्मज्ञो के श्रीमुख से रामकथा का प्रवचन सुनकर श्रद्धालुओं ने जीवन के अर्थ को समझा। कोरोना महामारी से निजात पाने के लिये नवरात्रि के नौ दिन तक परमपूज्य सदगुरु की पादुका पूजन अभिषेक, दुर्गापाठ एवं रामचरित मानस पाठ तथा रामकथा का आयोजन किया गया। अंतिम दिन कथा की पूर्णाहूति श्री राम संस्कृत महाविद्यालय के सुरेन्द्र शास्त्री एवं अनिल शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दी गई। किसी भी कार्य की सम्पन्नता उसके पूर्णाहुती यज्ञ हवन से होती है। हवन से वायुमण्डल शुद्व होकर समृद्वि प्रदान करता है। जिससे हर प्राणी का शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा पेड़ पौधों का वातावरणीय संतुलन अच्छा बना रहता है और मनुष्य का अपने कार्य के प्रति आत्मविश्वास भी बढ़ता है। पूर्णाहूति के यजमान ट्रस्ट के ट्रस्टी डा0 बी0 के0 जैन, श्रीमती ऊषा जैन एवं डा0 इलेश जैन एवं उनकी पत्नी मौसम जैन रहीं। इस अवसर पर रमाबेन हरियाणी सहित भाई बहनें एवं साधुसंत कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुये यज्ञ की पूर्णाहुति में हवन किया। सभी ने महामारी से उबरने की कामना की।